हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 12 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28 .5 डिग्री
न्यूनतम 4 .5 डिग्री

12 कोसली क्षेत्र में 43 करोड़ की चिकित्सा सुविधाएं मंजूर, स्वास्थ्य मंत्री का जताया आभार



12 दिन का पारा गिरने से ठंड बढ़ी, प्रदूषण का स्तर भी बढ़ा, एनसीआर में ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू



## खबर संक्षेप

### देह व्यापार मामले में दो और गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर कसोला के चौक के पास स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ करने के बाद इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने स्पा सेंटर के मैनेजर अमर सिंह को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया था। अब इस मामले में धारूहेड़ा निवासी कपिल और राजस्थान के झांमर निवासी सुरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले के अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे का आरोपी किया गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सदर थाना पुलिस ने 27 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार एक चालक को गिरफ्तार किया है। कार की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने घायल के बयान पर केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में भूरथला निवासी अनुराग को गिरफ्तार कर लिया। उसकी ब्रेजा कार को कब्जे में लिया गया है। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विवाहिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलहनामा कराने के प्रयास किए थे। कई बार काउंसलिंग कराने के बाद भी बातचीत सिरे नहीं चढ़ी तो पुलिस ने 10 अक्टूबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। इस मामले में पुलिस ने जींद के कुलाना निवासीमनमोहन को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट करने के मामले में पांच गिरफ्तार

**जाटूसाना।** पुलिस ने लाला गांव में गत माह हुए झगड़े के बाद एक पक्ष के पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दूसरे पक्ष के घायल के बयान पर गत 27 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लाला निवासी शर्मिला, उर्मिला, रूपकला, सोनू व संदीप को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### बीमारी से मरे श्रमिक का पोस्टमार्टम

**रेवाड़ी।** कसोला थाना क्षेत्र में मजदूरी करने वाले एक अप्रवासी श्रमिक की अज्ञात बीमारी से मौत हो गई। लगभग 35 वर्षीय महेंद्रपाल मूल रूप से यूपी के खिजूरा का रहने वाला था। वह कसोला क्षेत्र में मजदूरी करता था। बीते सोमवार को उसकी अज्ञात बीमारी के चलते मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। बाद में शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। वह एक गांव में किराए के मकान में रह रहा था।

### मारपीट मामले का एक आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट के बाद घायल व्यक्ति के बयान पर 30 अक्टूबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने भिवानी जिले के जताई निवासी रतन उर्फ कपिल को गिरफ्तार कर लिया। वारदात के दौरान इस्तेमाल की गई बोलेनो कार को भी पुलिस ने अपने कब्जे में लिया। आरोपी को बाद में कोर्ट में पेश कर दिया गया।

---

*पटरी पर नहीं चढ़ पा रही पेपरलैस रजिस्ट्री की गाड़ी, सरकार को करना पड़ रहा भारी नुकसान का सामना*

# पोर्टल बंद होने से रुकी रजिस्ट्रियां, दो दिन में नहीं हो पाई कोई रजिस्ट्री, अपग्रेड किया जा रहा पोर्टल

**रजिस्ट्रियां बंद होने से सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

- रेवाड़ी तहसील में 20 से भी कम रजिस्ट्रियां हुई हैं, जबकि बावल तहसील में यह आंकड़ा 10 तक भी नहीं हुआ

प्रदेश में पेपरलैस रजिस्ट्री शुरू करने की महत्वाकांक्षी योजना की गाड़ी अभी पटरी पर सही तरीके से नहीं दौड़ पा रही है। दो दिन से पोर्टल बंद होने के कारण तहसीलों में कोई रजिस्ट्री नहीं हुई। इससे रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पोर्टल को अपग्रेड करने के लिए बंद किया गया है, जिसके बुधवार से चलने की उम्मीद जताई जा रही है।

पेपरलैस रजिस्ट्री प्रणाली शुरू करने के बाद तहसीलों में रजिस्ट्री की प्रक्रिया को ब्रेक लगे हुए हैं। पोर्टल शुरू करने के बाद सरकार की ओर से तहसीलों में विशेषज्ञ तक नियुक्त नहीं किए। रजिस्ट्री के लिए दस्तावेज अपलोड करने वाले सीएससी सेंटर संचालक व वसीका नवीस को भी नए सिस्टम की कोई खास जानकारी नहीं है। सही तरीके से दस्तावेज अपलोड नहीं हो पा रहे हैं। अगर दस्तावेज अपलोड हो भी जाते हैं, तो किसी न किसी के तकनीकी अड़चन के कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाती। पेपरलैस रजिस्ट्री सिस्टम होने के बाद पूरे जिले में रजिस्ट्रियों का आंकड़ा 50 तक भी नहीं पहुंच पाया है। रेवाड़ी तहसील में 20 से भी कम रजिस्ट्रियां हुई हैं, जबकि बावल तहसील में यह आंकड़ा 10 तक भी नहीं हुआ है। दूसरी सब तहसीलों में भी यही हाल बना हुआ है।

बीते सप्ताह पेपरलैस रजिस्ट्रियों की रफ्तार बढ़ना शुरू हुआ था, परंतु सोमवार को ही पोर्टल बंद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पोर्टल पर कई अन्य चीजें शुरू की जानी हैं, जिस कारण इसे अस्थाई तौर पर बंद किया गया है। रजिस्ट्रियां बंद होने से सरकार को भी करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**पोर्टल शुरू करने के बाद सरकार की ओर से तहसीलों में विशेषज्ञ तक नियुक्त नहीं किए गए**




गढ़ी बोलनी रोड स्थित तहसील कार्यालय

**एग्रीमेंट नहीं हो पा रहे अपलोड**

जमीन की फरोख्त के लिए तहसीलों में किए जाने वाले रजिस्ट्री के एग्रीमेंट अपलोड करने का पोर्टल पर अभी तक विकल्प नहीं दिया गया है। जो रजिस्ट्रियां की गई हैं, उनमें एग्रीमेंट अपलोड नहीं किए गए हैं। पोर्टल में अभी कई ऐसी खामियां हैं, जिन्हें दूर करने में समय लग सकता है। ऐसे में उन लोगों को ज्यादा परेशानी हो रही है, जो रजिस्ट्री कराने के लिए स्टांप पेपर खरीद लेते हैं। उनका स्टांप पेपर का पैसा निर्धारित अवधि में रजिस्ट्री नहीं होने की सूरत में डूब सकता है।

**बुधवार से पोर्टल चलने की संभावना**



*दो दिन से पोर्टल नहीं चलने के कारण रजिस्ट्रियों का कार्य रुका हुआ है। प्रोजेक्ट बड़ा होने के कारण पोर्टल की तकनीकी खामियों को धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अच्छी से शुरू होने के बाद लोगों को बड़ा फायदा मिलेगा। बुधवार से पोर्टल शुरू होने की पूरी संभावना है।*
*-रमन कुंडू, तहसीलदार।*

**केसीसी बनवाने में भी दिक्कतें**

किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने या लोन लेने के लिए जमीन बैंकों के पास रहन रखती होती है। इसके लिए भी रजिस्ट्री की प्रक्रिया को अमल में लाया जाता है। फसली सीजन शुरू होने के बाद बड़ी संख्या में किसान लोन लेने या केसीसी बनवाने के लिए आवेदन कर चुके हैं, परंतु पोर्टल बाधित होने से उनके लिए समय पर लोन मिलना मुश्किल बना हुआ है। पोर्टल चलने और रजिस्ट्री का स्टेटस जानने के लिए किसानों को तहसीलों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

**डेट बाउंड एग्रीमेंट से मुसीबत**

जमीन की खरीद-फरोख्त के लिए पहले एग्रीमेंट किए जाते हैं। इनमें रजिस्ट्री कराने की समयसीमा निर्धारित होती है। निर्धारित अवधि के दौरान रजिस्ट्री नहीं होने की सूरत में खरीददार को ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिन लोगों की एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने को होती है, उन्हें तहसील में दोबारा एग्रीमेंट बनवाने पड़ रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान और समय की बर्बादी का सामना भी करना पड़ रहा है। तहसील परिसर में आने वाले लोगों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

---

# पुलिस का ऑपरेशन ट्रेक डाउन जारी, चार आरोपी और दबोचे

*दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका*

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी





रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में नीरपाल उर्फ गुल्लू, पुलिस गिरफ्त में हेमंत व प्रवीण।

जिला पुलिस ऑपरेशन ट्रैक डाउन के तहत फरार अपराधियों की धरपकड़ कर रही है। ऑपरेशन के तहत पुलिस की क्राइम ब्रांच रेवाड़ी, धारूहेड़ा, कोसली तथा थाना शहर की टीमों ने चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि सीआईए रेवाड़ी प्रभारी सुमेर सिंह ने टीम के साथ थाना शहर में दर्ज गत 23 अगस्त को मोहल्ला भजन का बाग निवासी एक युवक पर फायरिंग करने के मामले में संलिप्त एक और आरोपी नीरपाल उर्फ गुल्लू निवासी गुर्जर माजरी को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व उनकी टीम ने मामले में चार आरोपी मोहल्ला कंपनी बाग निवासी दीपांशु उर्फ यशु, मोहल्ला गुर्जरवाडा निवासी हिमांशु उर्फ लाला,मोहल्ला खासापुरा निवासी सूजल तथा मोहल्ला मुक्तिवाडा निवासी इंद्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दूसरे मामले में सीआईए धारूहेड़ा व सीआईए कोसली की टीम ने गत 19 अगस्त को गांव भटेडा में एसटीएफ पुलिस टीम पर फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में संलिप्त दो आरोपी हेमंत निवासी गांव मूंदी व प्रवीण निवासी गांव सीहा को गिरफ्तार किया है। एएसआई दीपक एसटीएफ गुरुग्राम की शिकायत पर दर्ज अभियोग थाना खोल के इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। तीसरे मामले में गोकल गेट चौकी प्रभारी एएसआई नरेश ने 15 अक्टूबर को दो गुटों में आपसी झगड़े के बाद पुराना बिजली बोर्ड आदर्श नगर निवासी एक युवक का जबरन अपहरण करके तथा लाठी डंडों से पीटकर जानलेवा हमला करके हत्या करने के मामले में संलिप्त एक आरोपी रविन्द्र कुमार उर्फ मंगीया निवासी नई बस्ती को काबू कर लिया है।

# सीआईए ने तीन लाख कीमत के 11502 किलोग्राम गांजा सहित नशा तस्कर आरोपी को किया गिरफ्तार

- पुलिस टीम ने गढी बोलनी फ्लाईओवर के नीचे नाकाबंदी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में नशा तस्कर। फोटो : हरिभूमि

क्राइम ब्रांच रेवाड़ी प्रभारी इंस्पेक्टर सुमेर सिंह की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी पर शिकंजा कसते हुए करीब 3 लाख कीमत के मादक पदार्थ 11 किलो 502 ग्राम गांजा सहित एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। डीएसपी बावल सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि सीआईए में तैनात एएसआई अक्षय अपनी टीम के साथ गश्त पर गढी बोलनी फ्लाईओवर के पास थे। तभी सूचना मिली कि पुष्पेन्द्र निवासी गांव बाबरा जिला झज्जर बुलेट मोटासाइकिल पर गांजा लेकर जयपुर की तरफ से गढी बोलनी फ्लाईओवर के नीचे से होते हुए झज्जर की ओर जाने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने गढी बोलनी फ्लाईओवर के नीचे नाकाबंदी कर दी तथा आरोपी तस्कर पुष्पेन्द्र को काबू कर लिया। पुलिस को आरोपी की मोटरसाइकिल पर रखे बैग के अंदर से नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसका वजन 11 किलो 502 ग्राम था, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब तीन लाख रुपये है। डीएसपी बावल श्योराण ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कसोला में मामला दर्ज कराकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**पूछताछ की जा रही**

पुलिस की ओर से आरोपी से गांजा कहां से लाया और कहां बेचना था, इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह अपराध को भी जन्म देता है। उन्होंने कहा कि जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, गली तथा मोहल्ले की संपूर्ण जिम्मेदारी लेगा, तभी समाज नशा मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि इामजन नशा बेचने वाले व खरीदने वाले लोगों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर या डायल 112 पर सूचित करें ताकि इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकें।

---

# डीटीपी का माजरा गुरदास व लालपुर में एक्शन

**रेवाड़ी।** डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को दिल्ली-जयुपर हाइवे के नजदीक व एनएच-11 बाइपास की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित की जा रही दो कॉलोनियों पर एक्शन लिया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बाद भी कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम दिल्ली-जयुपर हाइवे के नजदीक गांव माजरा गुरदास में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी का ध्वस्त कर दिया। टीम ने 8 डीपीपी, 3 चारदिवारी, कच्चे रोड नेटवर्क व मेरिज पैलेस को समतल कर दिया। इसके अलावा डीटीपी की टीम ने एनएच-11 बाइपास स्थित गांव लालपुर की राजस्व सीमा में करीब 3 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई की। टीम ने अवैध कॉलोनी में 5 डीपीसी, 2 परिकास्ट चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। पुलिस बल की मौजूदगी के चलते डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।

**पांच एकड़ की अवैध कॉलोनी की जमींदोज**



अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी।

- डीटीपी की लगातार चल रही कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर विकसित करने में लगे नई कॉलोनियां

**अवैध कॉलोनियों में प्लॉट न खरीदें लोग : सिहाग**

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि विभाग की ओर से ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, जिन्होंने अनियमित कॉलोनियों में निर्माण किए हैं। डीटीपी ने कहा



कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

**अंकित हत्याकांड का एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे**



रेवाड़ी। गत 15 अक्टूबर को दो गुटों के बीच हुए खूनी संघर्ष में हुई आदर्श नगर निवासी अंकित उर्फ चमन की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड की जांच डीएसपी कर रहे थे। पुलिस मामले के अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। भठेड़ा निवासी नितेश उर्फ चोटी ने पुलिस को दर्ज बयान में बताया था कि 15 अक्टूबर को वह अपने निजी कार्य से रेवाड़ी आया था। शहर में आने के बाद वह अपने दोस्त विजय कुमार से मिलने के लिए नई बस्ती चला गया, जहां आदर्श नगर निवासी अंकित उर्फ चमन, खरखड़ा निवासी मोहित व यश कुमार, गुरावड़ा निवासी प्रवीण उर्फ पीजी व कुलदीप विजय के पास पहले से ही मौजूद थे। उसने आरोप लगाया कि नई बस्ती में जब वह सभी गए, तो वहां मन्नु सैनी ने सभी को रोककर रेवाड़ी छोड़ जाने की धमकी दी। बाद में मन्नु सैनी व उसके साथियों ने झज्जर रोड पर उन्हें रोक लिया। मारपीट करते हुए वह अंकित को अपने साथ गाड़ी में डाल ले गए। गोकलगढ़ की बनी में ले जाकर उसके साथ जमकर मारपीट की। अंकित को बाद में आईटीआई के पास डाल दिया। उसे साथियों ने उठाकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से गंभीर चोटें होने के कारण परिजन उसे गुरूग्राम के एक अस्पताल ले गए। सिटी पुलिस ने उसके बयान पर कई आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद अंकित की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया था। डीएसपी ने मामले की जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने नई बस्ती निवासी रविंद्र उर्फ मांगिया को गिरफ्तार किया है।

---

**पुलिस ने संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी और स्नीफर डॉग के साथ चेकिंग अभियान चलाया**

# दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद सुरक्षा को लेकर पुलिस हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार में हुए बम ब्लास्ट के बाद जिला पुलिस हाई अलर्ट पर है। पुलिस ने संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है और स्नीफर डॉग के साथ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा की दृष्टि से चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के निर्देश दिए है। पुलिस की टीमें सभी चौक-चौराहों सहित विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी करके वाहनों व संदिग्धों की गहनता चेकिंग कर रही है। इंटर-स्टेट बॉर्डर पर व्हीकल चेकिंग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, पार्किंग एरिया, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, होटल व धर्मशालाओं सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में जांच की जा रही है। एसपी ने कहा कि जिले में सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से अलर्ट कर दिया गया है।

जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति की दृष्टि से इंटर स्टेट सहित अलग-अलग जगह नाके स्थापित किए गए है। सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है और संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों को चेक किया जा रहा है। सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखने व भीड़-भाड़ वाले इलाकों में गस्त व पडताल करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार को पुलिस थाना टीम व क्राईम युनिट की ओर से शहर के सभी होटल, धर्मशाल,बाजार, मॉल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व गेस्ट हाउस को बारीकी से चैक किया गया।









रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सामान की जांच करती पुलिस, बस स्टैंड पर सामान की जांच करता स्नीफर डॉग, होटल पर रजिस्टर की जांच करते हुए सीआईडी, रेलवे स्टेशन पर सामान की जांच करते हुए बम निरोधक दस्ता।

**लावारिस वस्तु दिखाई दे तो पुलिस का सूचित करें: एसपी**

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि आमजन की एक सूचना बड़ी घटना को रोक सकती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति का बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार, होटल व ढाबा, धर्मशाला, गेस्ट हाउस में ठहरने का पता चलता है तो इसकी सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन, चौकी या पुलिस कंट्रोल रूम में दे। इसके अलावा कहीं पर भी कोई लावारिस वस्तु दिखाई देती है तो उसे छुए नहीं, क्योंकि इसमें कोई बम या विस्फोटक पदार्थ हो सकता है। ऐसी लावारिस वस्तुओं के बारे में तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते अप्रिय घटना को रोका जा सके।



# तेरे इश्क में समेत इन फिल्मों के इवेंट हुए कैंसिल

**मुंबई।** धर्मेंद्र की सेहत और दिल्ली धमाकों को देखते हुए आनंद एल राय की आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' से जुड़े एक इवेंट को कैंसिल कर दिया गया है। यह इवेंट राजधानी दिल्ली में होना था। इसके अलावा कुछ और फिल्मी इवेंट भी कैंसिल हुए हैं। 'तेरे इश्क में'28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में धनुष ने शंकर और कृति सेनन ने मुक्ति का किरदार निभाया है। इसके अलावा वेब सीरीज 'दिल्ली क्राइम 3' की स्क्रीनिंग को भी कैंसिल कर दिया गया है। दिल्ली क्राइम-3, 13 नवंबर से स्ट्रीम होने वाला है। हमें उम्मीद है कि आप इसे देखेंगे और अपना प्यार देंगे।'

लाइफStyle


# नोरा

## संगीत को समझना है तो श्रेया को सुनें

एजेंसी ▸▸ मुंबई

नोरा फतेही अपने बेहतरीन डांस और एक्टिंग के साथ अपनी गायकी के लिए जानी जाती हैं। एक अमेरिकी पोडकास्ट में नोरा फतेही से पूछा गया कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी, इस पर उन्होंने श्रेया घोषाल का नाम लिया।

नोरा फतेही ने श्रेया के साथ एक गाना भी गाया है। हाल ही में नोरा फतेही ने सिएरा के पोडकास्ट में अपने सिंगिंग, एक्टिंग और डांसिंग कॅरियर के बारे में खुलकर बात की। बातचीत के दौरान जब सिएरा ने नोरा से पूछा कि वह बॉलीवुड की सबसे अच्छी सिंगर के तौर पर किसका नाम लेना चाहेंगी। इस पर नोरा फतेही ने सिंगर श्रेया घोषाल का नाम लिया। नोरा फतेही ने कहा 'अगर आपने बॉलीवुड के गाने नहीं सुने हैं और आप उसके बारे में जानना चाहते हैं, तो मैं कहूंगी कि आप श्रेया घोषाल के गाने सुनें। वह एक आइकन हैं। मैंने उनके साथ (ओह मामा! तेतेमा) गाना गाया है। इस गाने में उन्होंने हिंदी वाला हिस्सा गाया है। उनकी आवाज अब तक कि सबसे अच्छी आवाजों में से एक है, जो मैंने सुनी है। उन्होंने बॉलीवुड की कई बेहतरीन फिल्मों के बेहतरीन गाने गए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए हैं। वह जिस तरह गाती हैं, वह शानदार है। कोई भी बॉलीवुड के संगीत, संस्कृति और इसकी भावना को समझना चाहता है, उसे श्रेया को सुनना चाहिए।' श्रेया घोषाल को भारत की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक माना जाता है। वह सबसे ज्यादा पुरस्कार पाने वाली गायकों में शामिल हैं।




हॉलीवुड मसाला



# कोबायाशी के साथ दीं यादगार फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** जापान के मशहूर अभिनेता तात्सुया नाकादाई का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। तात्सुया को 'रण', 'हाराकिरी' और 'द ह्यूमन कंडीशन' जैसी फिल्मों में अपने शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। अकीरा कुरोसावा की 1985 में आई फिल्म 'रण' में नाकादाई द्वारा निभाया गया लॉर्ड हिदेतोरा इचिमोनजी का किरदार उनके सबसे प्रतिष्ठित किरदारों में से एक है। तात्सुया नाकादाई ने मसाकी कोबायाशी की द ह्यूमन कंडीशन ट्रियोलॉजी- नो ग्रेटर लव (1959), रोड टू एटरनिटी (1959), और ए सोल्जर्स प्रेयर (1961) में शानदार अभिनय किया।




# वन्स वेयर वॉरियर्स और डाई अनदर डे से हुए मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्मों के मशहूर निर्देशक ली तामाहोरी का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उन्हें 'वन्स वेयर वॉरियर्स' और 'डाई अनदर डे'जैसी जबरदस्त फिल्मों के निर्माण के लिए पहचाना जाता था। निर्देशक ली तामाहोरी ने कई जबरदस्त फिल्मों का निर्देशन किया था। उन्होंने मुलहोलैंड फॉल्स, एंथनी हॉपकिंस और एलेक बाल्डविन अभिनीत सर्वाइवल थ्रिलर द एज और क्राइम फिल्म अलोंग केम अ स्पाइडर शामिल हैं। उन्होंने जेम्स बॉन्ड अभिनीत फिल्म 'डाई अनदर डे' और एक्शन सीक्वल 'एक्सएक्सएक्सः स्टेट ऑफ द यूनियन' का भी निर्देशन किया था। ली तामाहोरी के परिवार में उनकी पत्नी जस्टिन और बच्चे सैम, मैक्स, मेका और ताने हैं। ली तमाहोरी का जन्म 1950 में वेलिंगटन में हुआ था। उन्होंने अपने सिनेमाई कॅरियर की शुरुआत सहायक निर्देशक के रूप में की थी।



# एसएसएमबी-29 का पहला गाना रिलीज


**मुंबई।** एसएस राजामौली और महेश बाबू की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म 'एसएसएमबी 29' से अपडेट अब लगातार सामने आ रहे हैं। पृथ्वीराज सुकुमारन का फर्स्ट लुक और महेश बाबू व प्रियंका चोपड़ा के वीडियो संदेश सामने आने के बाद, अब सोमवार को फिल्म का पहला सिंगल गाना रिलीज किया गया है। सबसे खास बात कि एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने में श्रुति हासन ने अपनी आवाज दी है। ऑस्कर विजेता संगीतकार एमएम कीरवानी द्वारा कंपोज किए गए इस गाने को 'ग्लोबट्रॉटर' टाइटल के साथ रिलीज किया गया है। गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। हालांकि, अभी इस गाने का वीडियो सामने नहीं आया है। यानी गाने को सिर्फ एक ऑडियो के तौर पर जारी किया गया है। अभी इस गाने को सिर्फ तेलुगु भाषा में रिलीज किया गया है।



# प्रियदर्शन के साथ शेयर की अनदेखी तस्वीर

**मुंबई।** निर्देशक प्रियदर्शन की आगामी हॉरर फिल्म 'हैवान' को लेकर श्रिया पिलगांवकर ने सोशल मीडिया पर अहम जानकारी शेयर की है। इस जानकारी के साथ श्रिया ने प्रियदर्शन के साथ खास तस्वीर भी शेयर की है। जिसके साथ श्रिया ने जानकारी दी है कि उन्होंने फिल्म 'हैवान' में अपने हिस्से की शूटिंग खत्म कर ली है। यह तस्वीर फिल्म 'हैवान' के सेट की है। इस तस्वीर में श्रिया और प्रियर्दशन मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में श्रिया हाथ में एक क्लैप बोर्ड पकड़े हुए हैं। जिसपर लिखा है 'हैवान'। श्रिया ने अपनी और प्रियदर्शन की इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, मेरे लिए हैवान का काम खत्म हुआ। इस शानदार टीम के साथ काम करना एक परम सौभाग्य की बात है, जिसका नेतृत्व किया निर्देशक प्रियदर्शन ने।'

टीवी मसाला



# आधी रात बिग बॉस 19 से बाहर हुआ मृदुल

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 19' के घर से अब एक और सदस्य का सफर खत्म हो गया है। जैसे-जैसे शो का फिनाले करीब आ रहा है, वैसे-वैसे प्रतियोगियों के बीच टेंशन बढ़ती जा रही है। चार हफ्ते बाद जब इस सीजन के विजेता की घोषणा होगी, उससे पहले दर्शकों को देखने को मिला है एक बड़ा ट्विस्ट- लाइव ऑडियंस द्वारा किया गया मिड-वीक एविक्शन। और इस बार शो से बाहर हुए हैं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मृदुल तिवारी। पिछले वीकेंड में जहां डबल एविक्शन ने घरवालों को हिला दिया था, वहीं अब बिग बॉस ने अचानक मिड वीक एविक्शन का ऐलान कर दिया। बिग बॉस के अपडेट्स देने वाले पेज 'बिग बॉस तक' ने बताया है कि मृदुल घर से आउट हो गए हैं। इस बार फैसला घर के अंदर गई लाइव ऑडियंस ने किया, जिसने हर कंटेस्टेंट की परफॉर्मेंस देखकर वोटिंग की। वोटिंग के नतीजे चौंकाने वाले रहे- सबसे कम वोट मृदुल तिवारी को मिले और उन्हें फिनाले से ठीक चार हफ्ते पहले घर से बाहर जाना पड़ा। दरअसल, इस हफ्ते बिग बॉस ने एक खास कैप्टेंसी टास्क रखा था जिसमें तीन टीम बनाई गई- टीम गौरव, टीम कुनिका और टीम शहबाज। इस टास्क के संचालक थे अमाल मलिक। शुरुआती दो राउंड में कुनिका और गौरव की टीम ने बाजी मारी, लेकिन तीसरे राउंड में बिग बॉस ने गेम में ट्विस्ट डालते हुए बताया कि अब फैसला ऑडियंस के हाथ में होगा। लाइव दर्शक घर के अंदर आए और उन्होंने प्रत्येक सदस्य की एक्टिविटी के आधार पर वोट दिए। जैसा कि हमेशा बिग बॉस के खेल में होता आया है, यहां भी नतीजा अप्रत्याशित रहा।

## इंडियन आइडल 16 में पहुंचीं उर्मिला

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर हमेशा से अपने समय की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेस में से एक रही हैं। 90 के दशक में उनके गाने और फिल्मी डांस ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बनाई। उनकी फिल्में और गाने आज भी लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला देते हैं। जब वह 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड प्रीमियर में गेस्ट के रूप में पहुंचीं, तो 90 के दशक की यादें ताजा हो गईं। शो में कंटेस्टेंट अंशिका चोंकर ने 1995 में रिलीज हुई फिल्म रंगीला का टाइटल ट्रैक 'रंगीला रे'गाया, तो उर्मिला पुरानी यादों में खो गईं और इमोशनल हो गईं। उन्होंने स्टेज पर इस गाने पर डांस भी किया। अंशिका की परफॉर्मेंस से खुश होकर उर्मिला ने उन्हें तोहफे के तौर पर एक सिक्का दिया। इस सिक्के को अपनी जिंदगी का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह वही सिक्का है जो उन्हें इस फिल्म की रिलीज के वक्त मिला था। उन्होंने कहा, मैं अपनी पहली फिल्म देखने के लिए थिएटर में गई थी, जब मेरा गाना स्क्रीन पर आया, तो लोगों ने खुशी में पैसे फेंकने शुरू कर दिए।



इंसानियत की मिसाल, 3800 बच्चों को जीवनदान

# सिंगर पलक का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम...

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फेमस सिंगर पलक मुच्छल चर्चा में हैं। अपने गानों के कारण नहीं, बल्कि इंसानियत की मिसाल कायम करने की वजह से। वो अपनी कमाई की ज्यादातर हिस्सा हार्ट सर्जरी के लिए दान करती हैं। अब उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। उन्होंने अब तक 3800 बच्चों की हार्ट सर्जरी करवाई है। अपनी दिलकश आवाज और सोलफुल म्यूजिक के लिए फेमस बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल ने अब गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स और लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बना ली है। वो भी अपने संगीत के लिए नहीं, बल्कि मानवता की मिसाल कायम करने के लिए। इंदौर में जन्मीं पलक मुच्छल ने 'पलक पलाश चैरिटेबल फाउंडेशन' के जरिए भारत और उसके बाहर वंचित बच्चों की मदद की है। करीब 3800 हार्ट सर्जरी के लिए पैसे जुटाए हैं।*

### कारगिल शहीदों के परिवारों की भी मदद

आप शायद ही जानते होंगे कि पलक कई साल से कारगिल शहीदों के परिवारों की भी कर रही हैं। उन्होंने गुजरात भूकंप पीड़ितों की राहत के लिए 10 लाख रुपये दान किए थे।




### कभी नहीं रुकेगी मदद

पलक ने मेरी आशिकी, कौन तुझे, सनम तेरी कसम, इक मुलाकात, देखा हजारो दफा और प्रेम रतन धन पायो जैसे सुपरहिट गाने गाए हैं। उनके पति मिथुन शर्मा भी कंपोजर हैं। वो इस जर्नी में पलक के साथ खड़े रहते है। उन्होंने कहा कि भले ही शो ना हो, कमाई ना हो, बच्चों की सर्जरी कभी नहीं रुकेगी।

### वो पल, जब पलक ने मदद करने का खुद से किया वादा

पलक बहुत कम उम्र से ही जरूरतमंदों की मदद करती आई हैं। बचपन में ट्रेन से सफर के दौरान उनकी मुलाकात वंचित बच्चों से हुई। ये वो पल था, जब उनकी जिंदगी बदल गई। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि वो एक दिन उनकी मदद जरूर करेंगी। अब वो अपनी कमाई का काफी हिस्सा जिंदगी को बचाने में लगाती हैं।

# ग्रैमी अवॉर्ड में एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को मिला नामांकन





**नई दिल्ली।** एल्बम 'साउंड्स ऑफ कुंभ' को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कटेगरी में 68वें ग्रैमी अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है। यह एल्बम महाकुंभ उत्सव से प्रेरित है। एल्बम को गायक-कंपोजर सिद्धांत भाटिया की तरफ से प्रस्तुत किया गया है। यह भारतीय संगीत के लिए एक बड़ी कामयाबी है। इस एल्बम में 12 गीत हैं। इसमें भारत और विदेशों के लगभग 50 कलाकारों ने काम किया है। एल्बम में उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुए महाकुंभ की भावना को दर्शाया गया है। महाकुंभ इस साल जनवरी और फरवरी में 45 दिनों तक हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने हिस्सा लिया था। 'साउंड्स ऑफ कुंभ' एल्बम में प्रयागराज से लाइव फील्ड रिकॉर्डिंग की गई। इसमें प्राचीन मंत्र शामिल किए गए। इसमें बाइनॉरल बीट्स को भी शामिल किया गया है। इस एल्बम को बनाने में सिद्धांत भाटिया के अलावा जिम किमो वेस्ट, राघव मेहता, मैडी दास, रॉन कोरब, चारू सूरी और देवराज सान्याल ने सहयोग किया है। एल्बम में वी सेल्वगनेश, राजा कुमारी, आदित्य गढ़वी, कनिका कपूर, कला रामनाथ, भानुमती नरसिम्हन, प्रवीण गोडखिंडी, अजय प्रसन्ना और कल्याणी नायर जैसे लोगों का योगदान है।

## हिंदी सिनेमा के 'राजा-रानी', पहली मूवी में कर बैठे प्यार

# 31 फिल्मों में किया रोमांस! 10 साल बाद बनी रियल जोड़ी


*नई दिल्ली। अगर आपने हिंदी फिल्में देखी हैं, तो आपकी कोई फेवरेट जोड़ी जरूर होगी, जिसकी फिल्में आप बार-बार देखना पसंद करते हैं। अगर बॉलीवुड की ऑल-टाइम हिट जोड़ी की बात करें, तो एक जोड़ी सब पर भारी है। वे हिंदी सिनेमा के असली 'राजा-रानी' हैं, जिन्होंने लगभग 31 फिल्में साथ में कीं और सेट पर पहली मुलाकात के 10 साल बाद धर्म बदल कर शादी कर ली। हम बॉलीवुड की जिस सुपरहिट जोड़ी की बात कर रहे हैं, उन्हें अभिनय में लाने का श्रेय कहीं-न-कहीं उनकी मांओं को जाता है। होरी की मां उनकी सबसे बड़ी सपोर्टर थीं, तो हीरोइन की मां ताउम्र उनकी मैनेजर रहीं। जब दोनों सितारे पहली बार 1970 में मूवी सेट पर मिले, तो सिर्फ पर्दे पर नहीं, उनकी जिंदगी में भी मैजिक हो गया।*

### 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले

दोनों सितारे मेकर्स के पसंदीदा ऑनस्क्रीन कपल बन गए। उन्होंने साथ में करीब 31 फिल्में कीं, जो अपने-आप में एक रिकॉर्ड है। वे पहली बार 1970 की मूवी 'तुम हसीन मैं जवान' के सेट पर मिले और देखते ही देखते एक-दूसरे पर फिदा हो गए। हम धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की बात कर रहे हैं, जिन्होंने सीता और गीता, राजा रानी, आस पास, पत्थर और पायल, ड्रीम गर्ल और शोले सहित लगभग 31 फिल्मों में काम किया था।

### शोले की शूटिंग का यह मशहूर किस्सा

धर्मेंद्र-हेमा मालिनी का एक-दूसरे के लिए दिल धड़कने लगा। शादीशुदा होने के बाद बावजूद धर्मेंद्र, हेमा मालिनी के इश्क में गिरफ्तार हो गए। शोले की शूटिंग का एक किस्सा काफी मशहूर है, जिसमें वीरू (धर्मेंद्र), बसंती (हेमा मालिनी) को रिव्लॉवर इस्तेमाल करना सिखाते दिखाते हैं। कहते हैं कि उसी सीन की शूटिंग के समय धर्मेंद्र लाइट ब्वॉयज को उन्हें डिस्टर्ब करने के 20 रुपए देते थे, ताकि उन्हें हेमा मालिनी के करीब रहने का ज्यादा वक्त मिल सके। इस तरह धर्मेंद्र को हेमा मालिनी को बार-बार गले लगाने का मौका मिल रहा था।



### चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली

चूंकि धर्मेंद्र की प्रकाश कौर से पहले ही शादी हो चुकी थी और उनसे उनके चार बच्चे भी थे, इसलिए हेमा मालिनी ने शुरू में उनके शादी के प्रस्ताव को नकार दिया। हालांकि, वे बाद में प्यार में इतना मजबूर हुए कि चुपचाप धर्म बदल कर शादी कर ली। धर्मेंद्र ने मुस्लिम रीति-रिवाजों से हेमा मालिनी से दूसरी शादी की। हेमा मालिनी के प्यार में पड़ने से पहले धर्मेंद्र का नाम टॉप हीरोइनों मीना कुमारी और सायरा बानो के साथ जुड़ा। कहते हैं कि 60 के दशक में धर्मेंद्र के कॅरियर को आकार देने में मीना कुमारी का बड़ा रोल था।

### 1987 में लगातार सात हिट फिल्में दी थीं

धर्मेंद्र ने 2011 में एक इंटरव्यू में पत्नी हेमा मालिनी के बारे में कहा था, 'हमारा साथ बहुत ही खूबसूरत रहा है। हमने साथ में कई फिल्में की हैं और कई हिट्स दी हैं। हमें सबसे पसंदीदा ऑन-स्क्रीन जोड़ी में से एक माना जाता है। हमारी केमिस्ट्री कमाल है और हम एक-दूसरे को बहुत अच्छे से कंप्लीट करते हैं। मुझे हमेशा उनके साथ काम करने में आनंद आया। वह सबसे खूबसूरत महिला हैं, जिन्हें मैं जानता हूं। वह बहुत ही केयरिंग हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं।' धर्मेंद्र एकमात्र एक्टर हैं, जिन्होंने 1987 में लगातार 7 हिट फिल्में दी थीं। उन्हें साल 2012 में पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। 1997 मे उन्हें फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# कुछ को छोड़कर, किराये पर मकान में रहने वालों की जिला में नहीं है पुलिस वैरिफिकेशन

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की घटना के मद्देनजर महेंद्रगढ़ पुलिस अलर्ट मोड़ पर

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, लघु सचिवालय सहित मुख्य बाजारों में पुलिस की तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

दिल्ली लालकिला के पास कार में हुए धमाके के बाद हरियाणा भी अलर्ट मोड़ पर है। महेंद्रगढ़ जिला की बात करें तो घटना के बाद रात से ही पुलिस भीड़ भाड़ वाले एरिया में पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई थी। जिला में कुछ को छोड़ दें तो किराये पर मकान में रहने वाले अधिकांश लोगों ने पुलिस वैरिफकेशन नहीं करवाया है। जिला में ऐसी कई जगह है, जहां झुग्गी झोपड़ी या ईंट भट्ठे पर प्रवासी रह रहे है। पुलिस इनका वैरिफकेशन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरह से करती है। ऑनलाइन में इस साल अब तक महज 53 मामले पुलिस वैरिफकेशन के लिए आए है। ऑफ लाइन का रिकॉर्ड हर थाना में अलग–अलग है। ऐसे में मकान मालिकों को भी अपने ऊपर भविष्य में आने वाली मुसीबतों से बचने के लिए किराये पर रहने वाले लोगों का पुलिस वैरिफकेशन करवा लेना चाहिए। पुलिस को भी इस मामले में अभियान चलाने की जरूरत है।


नारनौल। नांगल चौधरी क्षेत्र में वैरिफिकेशन करने पहुंची पुलिस। फोटो : हरिभूमि

## नांगल चौधरी में चलाया सर्च अभियान बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्र जांचे

नांगल चौधरी पुलिस ने मंगलवार सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सर्च अभियान चलाया। पुलिस ने क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों और संदिग्ध स्थानों पर व्यापक स्तर पर जांच की गई। पुलिस की टीमों ने अलग–अलग झुग्गी-झोपड़ियों में प्रवेश कर सघन सर्च अभियान चलाया। पुलिस टीमों ने वहां रह रहे बाहरी श्रमिकों से उनकी विस्तृत जानकारी ली और उनके पहचान पत्रों की बारीकी से जांच की। थाना प्रभारी निरीक्षक भगत सिंह ने इस संबंध में बताया कि यह पूरा अभियान सुरक्षा की दृष्टि से चलाया गया है।

## राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की घटना के बाद अलर्ट मोड पर पुलिस

*राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम लालकिले के पास एक कार में हुए धमाके की घटना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। जिले में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तुरंत प्रभाव से सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और कमांडो व डॉग स्क्वायड की टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।*

## किरायेदार की इस तरह करवाएं पुलिस वेरिफिकेशन

पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार के मुताबिक किरायेदार का पुलिस वेरिफिकेशन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से किया जा सकता है। दोनों ही मामलों में किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरना होता है और सभी जरूरी दस्तावेज जमा कराने होते हैं।

*ऑनलाइन :* ऑनलाइन पुलिस वेरिफिकेशन के लिए सबसे पहले किरायेदार के संबंधित राज्य के पुलिस विभाग ऑनलाइन पोर्टल पर जाएं और सिटीजन सर्विसेज में किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरकर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर अप्लाई करें। इसके लिए हर समय पोर्टल पर सिटीजन सर्विसेज में जाएं, वहां पर टेनेंट वेरिफिकेशन का ऑप्शन मिलेगा या जनरल वेरिफिकेशन में टेनेंट वेरिफिकेशन का ऑप्शन मिलेगा। इसमें मांगी गई डिटेल्स भरकर और आवश्यक कागजात अपलोड कर अप्लाई करें।

*ऑफलाइन :* ऑफलाइन पुलिस वेरिफिकेशन के लिए मकान मालिक अपने संबंधित थाना में जाकर किरायेदार सत्यापन फॉर्म भरकर आवश्यक जानकारी थाना में उपलब्ध कराएं। दोनो तरीकों में वेरिफिकेशन फॉर्म के साथ किरायेदार और मकान मालिक का पहचान प्रमाण पत्र, रेंट एग्रीमेंट और फोटो आदि जरूरी कागजात जमा करने होते हैं। किरायेदार का वेरिफिकेशन कराने से उसके आपराधिक रिकॉर्ड का पता चलता है। इससे मकान मालिक को किसी भी तरह की धोखाधड़ी या नुकसान से बचने में मदद मिलती है।

## खबर संक्षेप


नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी।

### यतिन, हिमांशु व रोहित ने जीते पदक

**नारनौल।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खिलाड़ी सेना खेल फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शहरी भारती पब्लिक स्कूल नूनी अव्वल वार्ड के विद्यार्थी यतिन पुत्र लक्ष्मण सिंह, हिमांशु पुत्र बलबीर सिंह व रोहित पुत्र संजय कुमार ने अलग-अलग ग्रुप में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। खुशी के अवसर पर चेयरमैन हजारीलाल ने विद्यार्थियों को सम्मानित किया व उनको जीवन में इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।


नारनौल। शिविर में रक्तदान करते हुए।

### शिविर में 22 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**नारनौल।** बाबा निहालचंद सेवादल पटीकरा व गोसेवा उपचारशाला फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेडक्रॉस सोसायटी में 10वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और कुल 22 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि आईटीआई के प्राचार्य विनोद खानगवाल रहे। संस्था के प्रवक्ता संदीप राव ने बताया कि शिविर में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं व ग्रामीण युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर नितिश, अनिल, संदीप, मुकुल, आदर्श, निशांत आदि मौजूद थे।

## गांवों के अभिनंदन कार्यक्रमों से उत्साहित दिखे बिरेंद्र सिंह व बृजेंद्र सिंह

# सद्भाव यात्रा में विधायक समेत हुड्डा गुट ने बनाई दूरी

- पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, रिटायर्ड आईएएस विनय यादव, चंद्रप्रकाश एडवोकेट ने सद्भाव यात्रा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

प्रदेश की 14 विधानसभा में सद्भाव यात्रा पूरी करके नांगल चौधरी हलके में प्रवेश किया। रायमलिकपुर से आरंभ हुई यात्रा में प्रत्येक गांव के बस स्टैंड पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का स्वागत किया। इस दौरान बृजेंद्र सिंह ने पार्टी में गुटबाजी होने के सवालों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि संगठन के अभाव में वर्करों ने नेताओं से संपर्क साध लिया, जिसे गुटबाजी का नाम दे दिया गया। अब संगठन बन चुका है और पार्टी मजबूत होने लगी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस समुद्र पार्टी है, जिसमें विभिन्न विचारधारा के नेताओं में मतभेद होना स्वभाविक है, लेकिन पार्टी के प्लेटफार्म पर सभी नेता एकजुट हैं और मजबूती के लिए काम कर रहे हैं।

रायलिकपुर बार्डर पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बिरेंद्र सिंह व उनके पुत्र पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सैकड़ों वर्करों के काफिले में यात्रा बुढ़वाल गांव के बस स्टैंड पर पहुंची। नायन, कालबा तक भीड़ का ग्राफ बढ़ता रहा। इस दौरान बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यह यात्रा पार्टी के प्रोटाकॉल पर है तथा वर्करों को जागृत करना मकसद है। पहले पार्टी के पास संगठन नहीं था (जिस कारण कार्यकर्ताओं ने नेताओं से संपर्क बनाना आरंभ कर दिया। इसी प्रक्रिया को गुटबाजी का नाम दे दिया गया, लेकिन अब प्रदेश व जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी तथा जल्द ही ब्लॉक कार्यकारिणी गठित हो जाएगी। भाजपा ने विभिन्न समाज में फूट डालकर शासन किया है। जिससे जनता में भय और भ्रष्टाचार बढ़ा है। भाजपा ने चुनावों की पारदर्शिता को खत्म करके लोकतंत्र की मजाक उड़ाई है, जिससे आमजन आक्रोशित और चिंतित हैं।


नांगल चौधरी। पंचायत समिति के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण करते पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह। फोटो : हरिभूमि

### विधायक अनुपस्थित रही, लेकिन जिला प्रधान रहे साथ

सद्भाव यात्रा में नांगल चौधरी हलके से पार्टी की विधायक मंजू चौधरी नहीं पहुंची, लेकिन महिला जिला प्रधान डा. राजवंती यादव व जिला प्रधान सतबीर झुकिया साथ रहे। उन्होंने कहा कि संगठन पूरी तरह यात्रा को समर्थन कर रहा है। जिससे पार्टी की मजबूती होगी और वर्करों का उत्साह बढ़ेगा। हुड्डा गुट के सभी वर्करों को यात्रा में सम्मलित होने का निमंत्रण आयोजक की तरफ से दिया गया था। बावजूद उनकी अनुपस्थिति से पार्टी की एकजुटता पर सवाल बने हुए हैं।

### इन नेताओं ने यात्रा में शामिल होकर समर्थन का दिया भरोसा

पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाशचंद शर्मा, रिटायर्ड आईएएस विनय सिंह, चंद्रप्रकाश एडवोकेट समेत 15 से अधिक नेताओं ने सद्भाव यात्रा का समर्थन और अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि बृजेंद्र सिंह ऊर्जावान होने के साथ दूरगामी सोच से ओतप्रोत हैं। जिन्होंने संगठन और पार्टी को संगठित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में 36 बिरादरी का हितों की सुरक्षा संभव होती है।

### 25 लाख वोटों की चोरी करके भाजपा ने बनाई सरकार

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा ने लोकतंत्र प्रणाली को खत्म करने की ठान रखी है। 25 लाख वोटों की चोरी करके प्रदेश में तीसरी बार सरकार बनाई है। इसके अलावा महाराष्ट्र, एमपी व अन्य प्रदेशों में भी वोट चोर सरकार का उदय हुआ है। जनता को भाजपा की संविधान विरोधी नीतियों से अवगत कराया जा रहा है, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

### 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में भव्य नगर कीर्तन होगा

**नारनौल।** हिद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार व हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से आयोजित होने वाली शहीदी नगर कीर्तन अब 14 नवंबर की बजाय 16 नवंबर को नारनौल पहुंचेगी। जिले में आगमन पर यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सरकार ने यात्रा के कार्यक्रम में अब थोड़ा बदलाव किया है। सभी संबंधित विभागों को इस ऐतिहासिक आयोजन को गरिमामय व प्रभावशाली बनाने के लिए युद्धस्तर पर जुट जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की ओर से आयोजित ये यात्राएं महान गुरु साहिब के शांति, बलिदान और सांप्रदायिक सद्भाव के शाश्वत संदेश को जन जन तक पहुंचाएंगी। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से चलने वाली ये यात्राएं 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाले भव्य समागम के साथ संपन्न होंगी। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन के नारनौल पहुंचने पर स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों और समूह संगत द्वारा एक शहीदी नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

## शूरसेनी जयंती को लेकर भाजपा की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

- प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

महाराजा शूरसेनी जयंती के प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार यादव धर्मशाला में जिला भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ यतेंद्र राव ने की। यह कार्यक्रम नई अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा और प्रदेश भर से इसमें एक लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि महाराजा शूरसेनी जयंती समाज की गौरवमयी परंपरा का प्रतीक है। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह जिले का सौभाग्य है कि इस कार्यक्रम की मेजबानी का अवसर मिला है।



नारनौल। बैठक में मौजूद भाजपा नेता।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व विधायक सीताराम यादव, गोविंद भारद्वाज, राकेश शर्मा, अजीत सिंह, संदीप यादव, कमलेश सैनी, बाबूलाल यादव, भागीरथ मल, रमाशंकर, डॉ. रिम्पी, किशनलाल सैनी, योगेश शास्त्री, देवेंद्र यादव, सुधीर दीवान, सरला यादव, धर्मसिंह छाबड़ा, शिवरतन, वासुदेव यादव, महिपाल यादव, मनीष मित्तल, मनीष संघी, सपना गुप्ता, मंजीत यादव, नवीन शर्मा, आलोक शर्मा, नरेंद्र यादव, पवन देव, सरोज बाला आदि मौजूद थे।

### डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों को दी नैतिक मूल्यों की शिक्षा

**नारनौल।** राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर एमएलएस डीएवी पब्लिक स्कूल में आर्य समाज प्रचारक कैप्टन जगराम आर्य व विनोद आर्य ने बच्चों को नैतिक मूल्यों से संबंधित शिक्षा प्रदान की। इस अवसर पर कैप्टन जगराम आर्य ने बच्चों को आर्य समाज के महत्व के बारे में समझाया तथा जीवन में नित्य हवन व मंत्रोच्चार की महत्ता पर भी प्रकाश डाला।

उन्होंने स्त्री शिक्षा व समाज में स्त्री के महत्व के बारे में स्वामी दयानंद के विचारों से बच्चों को अवगत करवाया। उन्होंने विद्यार्थियों को बुराइयों से दूर रहकर सत्य व सदाचार को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी तथा प्राणायाम के महत्व को भी समझाया। विनोद आर्य ने भजन के माध्यम से वेदों की महिमा का बखान किया तथा जीवन में दुर्गुणों को त्यागकर अच्छाइयों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यालय पहुंचकर बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए जगराम आर्य व विनोद आर्य का धन्यवाद किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा मनुष्य को अज्ञान रूपी अंधकार से ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर ले जाती है। शिक्षा मनुष्य को संस्कार सिखाती है और संस्कार मनुष्य को मनुष्य बनाते हैं। अतः हमें अपने जीवन में शिक्षा के साथ संस्कारों को भी सीखना चाहिए।


नारनौल। परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### श्रीकृष्ण स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित

**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनीयर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो प्रतियोगिता में सैकड़ों विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और संस्कारों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए युवाओं को अपने देश के बारे में ज्ञान प्रदान करना है। इस तरह की प्रतियोगिता में लगभग छह हजार विद्यालयों के करीब 12 लाख विद्यार्थी भाग लेते हैं। यह प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। कनिष्ठ वर्ग कक्षा छह से आठवीं तथा वरिष्ठ वर्ग कक्षा नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल हुए। श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में यह स्कूल स्तर पर लिखित परीक्षा ली गई। जिसमें दोनों वर्गों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले दो बच्चों की टीम बनाई जागी। इसके बाद शाखा स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन होगा। शाखा स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाली टीम क्षेत्र स्तर और फिर भारतीय स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेगी। स्कूल प्राचार्य वेदपाल यादव ने प्रतियोगिता के लिए शाखा सदस्य नरेश गोगिया, कविन्द्र सचदेवा, मुकेश जैन, नवीन गुप्ता व डॉ. शिवकुमार यादव का आभार जताया। विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से इस तरह की प्रतियोगितां करवाने से देश व समाज के लिए सकारात्मक भूमिका अदा करती है।


महेंद्रगढ़। बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीएनडी स्कूल के एमडी ने जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया बेटे का जन्मदिन

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कुमार यादव एवं उनकी पत्नी पूनम यादव ने अपने पुत्र जयन यादव का चौथा जन्मदिन एक अनोखे अंदाज में मनाया। उन्होंने झुग्गी पाठशाला पहुंचकर जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र, पाठ्य सामग्री, फल, बिस्किट आदि वितरित किए तथा बच्चों के साथ मिलकर अपनी खुशी सांझा की। जयन के दादा विजय पाल यादव ने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी खुशियां मनाने का अधिकार है और जब हम अपनी खुशियां जरूरतमंदों के साथ बांटते हैं तो उसका महत्व और भी बढ़ जाता है। मैनेजिंग डायरेक्टर अमित कुमार यादव ने कहा कि सामान्य परिवार की बेटी दिव्या तंवर ने आईएएस बनकर यह साबित किया है कि प्रतिभा किसी बंधन में नहीं बंधती, वह हर सीमा को पार कर इतिहास रच सकती है। उन्होंने कहा कि प्रयास संस्था शिक्षा के माध्यम से आप सभी को आगे बढ़ाने में मदद कर रही है। यदि आप मन लगाकर मेहनत करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। इस अवसर पर मनोज मेघनवास, राकेश खातोदडा एवं दीपक उपस्थित रहे।

## पंडित रमाशंकर आंतरी ने चेयरमैन व राधेश्याम सैनी ने किया वाइस चेयरमैन का पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी अनाज मंडी मंगलवार को सियासी व सामाजिक हलचल का केंद्र बनी रही, जब मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन पंडित रमाशंकर आंतरी वाले व वाइस चेयरमैन राधेश्याम सैनी ने विधिवत रूप से अपना पदभार संभाला। इस अवसर पर अधिकांश नवनियुक्त सदस्य भी मौजूद रहे। समारोह में पद की गरिमा, जवाबदेही व सार्वजनिक हित के प्रति समर्पण की प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान करना जानती है। आज इस नियुक्ति से यह साबित हो गया कि एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और निष्ठा से ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकता है। डॉ. अभय सिंह ने कहा कि 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के उपरांत नांगल चौधरी अनाज मंडी में विकास के अनेक काम हुए हैं और अब यह मंडी एक विकसित मंडी बन चुकी है। उन्होंने अधिकारियों व व्यापारियों से आग्रह किया कि सभी व्यवस्थाएं नियमानुसार सुचारु रूप से स्थापित की जाए तथा किसानों के हित में सभी संभव प्रयास किए जाए।

किसानों के लिए आवश्यक सुविधाओं का प्रबंध करने के लिए मार्केट कमेटी के सचिव मुकुल यादव से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से कहा। पूर्व मंत्री ने कहा कि मंडी की प्रगति, पारदर्शिता और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। चेयरमैन पद संभालते ही पंडित रमाशंकर आंतरी वाले ने कहा कि कमेटी का हर निर्णय किसानों, व्यापारियों व आम नागरिकों के हितों को प्राथमिकता देगा। भरोसा दिलाया कि मंडी की व्यवस्था में सुधार, साफ-सफाई, पारदर्शी नीलामी और सुविधाओं के विस्तार पर तेजी से काम शुरू किया जाएगा। वाइस चेयरमैन राधेश्याम सैनी ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। मंडी के विकास के लिए वह किसानों के हित में चेयरमैन के साथ सहयोग के साथ काम करेंगे।


नारनौल। पदभार ग्रहण करवाते पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव। फोटो : हरिभूमि


### ये रहे मौजूद

इस मौके पर गौड़ परिषद् के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, सुभाष शर्मा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि रमेश सैनी, उप चेयरमैन मुकेश शर्मा, पार्षद निहाल सिंह, पार्षद रमेश मीणा, शिवकुमार शर्मा, ताराचंद शर्मा, सैनी सभा के प्रधान बलबीर सैनी, डॉ. केके शर्मा, बजरंग जोशी, सूबेदार जयसिंह, सरजीत बूढ़वाल, रतन सिंह पूर्व सरपंच नारेड़ी, सुनील डांगी, अंजनी शास्त्री, जिला पार्षद प्रदीप शर्मा, धोला पहलवान, रोहतास बीगोपुर, हवासिंह कसाना, हंसराज बिहारीपुर, सुरिंदर दताल आदि मौजूद थे।

### 17 से 22 तक चलेगा विशेष सर्जिकल ऑपरेशन अभियान

**नारनौल।** आयुष्मान भारत योजना के तहत अब पात्र कार्ड धारक मरीजों के मुफ्त सर्जिकल ऑपरेशन भी करवाएं जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने 17 से 22 नवम्बर तक विशेष सर्जिकल अभियान चलाने की तैयारी पूरी कर ली है। यह जानकारी देते हुए उप सिविल सर्जन एंव जिला नोडल अधिकारी ड़ॉ. मनीष यादव ने बताया कि अभियान के दौरान जिला नागरिक अस्पताल में नेत्र रोग, सिजेरियन, महिला रोग, हड्डी रोग, उदर रोग व नागरिक अस्पताल महेन्द्रगढ़ सिजेरियन, जनरल सर्जरी के ऑपरेशन किए जाएंगे। सभी अस्पताल प्रभारी एएमओ व एसएमओ को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे विस्तृत जन जागरूकता अभियान चलाकर मरीजों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। इसके साथ उप सिविल सर्जन व जिला नोडल अधिकारी डॉ. मनीष यादव ने आमजन से अपील की है कि उक्त योजना का लाभ लेने के लिए सभी मरीज अपने साथ अपने इलाज से सम्बन्धित पुराने दस्तावेज, जांच रिपोर्ट, आधार कार्ड व आयुष्मान कार्ड लेकर आएं, ताकि उक्त योजना का लाभ तुरन्त मिल सके।

### पूर्व सीपीएस ने जताया भोलाराम के निधन पर शोक



**नारनौल।** बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान यशवंत यादव के चाचा एवं रामपुरा गांव के पूर्व सरपंच भोलाराम के निधन पर उनके आवास पर पूर्व संसदीय सचिव राव दानसिंह पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय भोलाराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राव दानसिंह ने कहा कि भोलाराम बहुत मिलनसार व धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में मानव भलाई और समाज उत्थान के लिए कार्य किया। अपने दो सरपंच कार्यकालों के दौरान उन्होंने गांव के विकास को नई दिशा दी। इसके अलावा पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन पद पर रहते हुए उन्होंने न केवल अपने गांव बल्कि आसपास के गांवों में भी विकास कार्यों को गति दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का इस संसार में आना और जाना प्रकृति का नियम है, लेकिन आज इतनी बड़ी संख्या में लोगों का स्वर्गीय भोलाराम को श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि उन्होंने अपने जीवनकाल में लोगों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य किए।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को



**रेवाड़ी।** जिला न्यायिक परिसर में 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों की सहमति से मामलों का निपटारा कराया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम अमित वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से त्वरित निपटारा कराना है। लोक अदालत में ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना अधिनियम, पारिवारिक विवाद, दीवानी एवं फौजदारी मामले, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिलों तथा राजस्व से संबंधित मामलों का निपटारा किया जाएगा। सीजेएम वर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर का लाभ अवश्य उठाएं।

### मालिक के सुपुर्द की चोरी हुई भैंस

**जाटूसाना।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने चोरी की गई भैंस बरामद होने के बाद उसे मालिक के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने गत 4 सितंबर को पवन कुमार की शिकायत पर भैंस चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। बाद में पुलिस ने जांच करते हुए चोरी हुई भैंस बरामद कर ली। उसे पहले थाने में रखा गया, परंतु चारे का इंतजाम नहीं होने के कारण कच्ची सुपर्ददारी पर भैंस को पवन कुमार के हवाले कर दिया गया।

### दुकान पर बैठे व्यक्ति पर लाठी-डंडों से हमला, केस

**कोसली।** कारोली गांव के एक व्यक्ति ने गांव के ही पांच लोगों पर उनकी दुकान में घुसकर गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस को शिकायत दी है। रोहताश ने पुलिस को बताया कि 4 नवंबर को सुबह वे अपनी दुकान पर बैठे थे कि अचानक पंकज, रमेश, पवन, प्रवीण व राजेश ने लाठी, डंडे व कुल्हाड़ी से गालियां देते हुए उन पर हमला कर दिया। उन्होंने उसकी पत्नी संतोष को भी मारपीट कर घायल कर दिया। जाते जाते वे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। बाद में उन्होंने नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी। पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए नाहड़ सीएचसी भिजवाया। पुलिस ने जांच व मेडिकल रिपोर्ट के बाद सोमवार को सभी आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**कोसली।** नठेड़ा गांव के एक व्यक्ति ने श्याम नगर गांव के ट्रैक्टर चालक पर लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मारकर दुर्घटना करने का आरोप लगाते हुए कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। बलवान सिंह ने पुलिस को बताया कि वे 7 नवंबर को अपनी ड्यूटी खत्म करके मोटरसाइकिल पर साल्हावास निवासी संजय के साथ नठेडा आ रहे थे। श्याम नगर गांव के ठेके के पास पहुंचे तो सामने से एक ट्रैक्टर चालक ने अपने ट्रैक्टर को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी, जिससे वे ट्रैक्टर से जुड़ी हैरो के उपर जा गिरे। दुर्घटना में उन्हें गंभीर तथा संजय को सामान्य चोटें आई। सूचना के बाद टूमना गांव के प्रदीप ने उन्हें गाड़ी से रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया। कोसली पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

### बाल दिवस पर मोहदीनपुर में होगा प्रतिभाओं का सम्मान

**कोसली।** बाल दिवस के अवसर पर 14 नवंबर को राजकीय उच्च विद्यालय मोहदीनपुर में स्व. अमल कौर यादव की स्मृति में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। दिनेश यादव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोसली के विधायक अनिल यादव होंगे और अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना पोपली करेंगी।

# दिन का पारा गिरने से ठंड बढ़ी प्रदूषण का स्तर भी बढ़ रहा

धारूहेड़ा का एक्यूआई पहुंचा 400 के आसपास, कोहरे की तरह नजर आने लगा आसमान में धुआं

## एनसीआर में ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू, सख्ती बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नवंबर माह के पहले ही पखवाड़ में तापमान में आ रही गिरावट से ठंड का असर बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर बढ़ती हुई ठंड प्रदूषण का खतरा भी बढ़ा रही है। धारूहेड़ा का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक बार फिर 400 के करीब पहुंच गया है। पूरे एनसीआर में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए ग्रेप-3 की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। अगले एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रह सकता है, जिस कारण तापमान में गिरावट प्रदूषण के स्तर को बढ़ाने का काम कर सकता है।

मंगलवार को सुबह से ही आसमान साफ रहा। आसमान में प्रदूषण के कारण धुएं की चादर बनी रही। अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 28.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रात का तापमान 0.5 डिग्री बढ़कर 4.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हवाओं की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि नमी का स्तर 36 प्रतिशत तक दर्ज किया गया। ठंड बढ़ने के कारण प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारक जमीन के आसपास ही मंडरा रहे हैं, जिस कारण एक्यूआई 400 के आसपास पहुंच गया है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण को एनसीआर सहित जिले में भी लागू कर दिया है। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर निर्धारित मानकों से अधिक होने से ग्रैप-3 की पाबंदी लागू हो गई हैं, जिसके लिए हमें प्रदूषण नियंत्रण उपायों को पूरी गंभीरता से अपनाना होगा। उन्होंने बताया कि वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रैप नियमों की सख्ती से पालन करना बेहद जरूरी है। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। क्वालिटी इंडेक्स यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।




रेवाड़ी। मंगलवार दोपहर को शहर में छाई धुंए की चादर तथा औद्योगिक क्षेत्र धारूहेड़ा में मंगलवार सुबह छाया स्मॉग। फोटो : हरिभूमि

### इन पर रहेगी सख्त पाबंदियां

ग्रेप के तीसरे चरण के तहत सड़कों की मशीनों और वैक्यूम आधारित सफाई, रोजाना पानी का छिड़काव और धूल नियंत्रण सामग्री का प्रयोग करने के साथ-साथ एकत्रित धूल को निर्धारित स्थलों पर निस्तारित करने के लिए कहा गया है। निर्माण कार्यों में केवल गैर-प्रदूषणकारी गतिविधियां जैसे प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, कारपेंट्री और इंटीरियर फिनिशिंग की अनुमति दी गई है, जबकि स्टोन क्रेशर और माइनिंग गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस- 4 डीजल वाहनों के संचालन पर गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर और दिल्ली में रोक लगाई गई है।

### नागरिकों से सहयोग की अपील



डीसी अभिषेक मीणा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने में भागीदार बनें और सिटीजन चार्टर का पालन करें। लोग छोटी दूरी के लिए पैदल चलने या साइकिल का उपयोग करने, यात्रा के दौरान कार शेयरिंग या सार्वजनिक परिवहन अपनाने और जहां संभव हो वर्क फ्रॉम होम की सुविधा लेने को प्राथमिकता दें। नागरिकों को कोयला या लकड़ी से हीटिंग करने से बचना चाहिए। लोग खुले स्थानों पर कचरा जलाने से बचें। -डीसी अभिषेक मीणा।

### फसलों के लिए मौसम अनुकूल

मौसम का मिजाज ठंडा होने से रबी फसलों को अच्छा फायदा मिल रहा है। सरसों की अगेती फसल का तेजी से विकास हो रहा है। पछेती फसल भी जमीन से बाहर आ रही है। ठंड के कारण फसलों को सिंचाई की आवश्यकता जरूर पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार जल्द बरसात की कोई संभावना नहीं है, जिस कारण किसानों को फसलों की सिंचाई करनी पड़ेगी। अभी किसान गेहूं की बिजाई करने में भी लगे हुए हैं। मौसम गेहूं के लिए भी अनुकूल बन गया है।

# विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाएं होगी पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी

■ आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर



डीसी अभिषेक मीणा।

हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं के राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर है। इच्छुक महिलाएं जिला महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आवेदन जमा करा सकती हैं। यह पुरस्कार 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदान किए जाएंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के लिए एक लाख 50 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के लिए एक लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र तथा बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के लिए एक लाख रुपये व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए 51 हजार व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इनके अलावा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को विभिन्न आठ श्रेणियां में 21-21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव ने बताया कि पहली श्रेणी में एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू तथा नर्स शामिल है। दूसरी श्रेणी में महिला खिलाड़ी, तीसरी श्रेणी में साक्षर महिला समूह सदस्य, चौथी श्रेणी में राजकीय कर्मचारी, पांचवीं श्रेणी में सामाजिक कार्यकर्ता, छठी श्रेणी में महिला उद्यमी, सातवीं श्रेणी में स्त्री शक्ति पुरस्कार तथा आठवीं श्रेणी में आंगनबाड़ी कर्मी शामिल हैं। इन श्रेणियां में 21-21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में अन्य किसी जानकारी के लिए महिलाएं महिला एवं बाल विकास कार्यालय में सम्पर्क कर सकती है।

## खबर संक्षेप

### महावीर निनानिया अखिल भारतीय धानक समाज रत्न से सम्मानित




रेवाड़ी। सम्मेलन में महावीर निनानिया को सम्मानित करते सांसद। फोटो : हरिभूमि

**रेवाड़ी।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार महावीर निनानिया को अखिल भारतीय धानका आदिवास समाज की ओर से दिल्ली में आयोजित समारोह में सांसद कुलदीप इंदौर ने सम्मानित किया। इस मौके पर निनानिया को अखिल भारतीय धानक समाज रत्न दिया गया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि महावीर निनानिया ने अपनी लेखनी से लोगों को समाज, मानवतावाद व राष्ट्रीयवाद पर जागरूक किया। इससे पूर्व वे जब वे चौकीदार थे तो चौकीदार सगठन तैयार किया और उनके अधिकारों के लिए लड़ाई भी लड़ी। उन्होंने अपने पूरे जीवन में समाज व मानवता की सेवा के लिए काफी संघर्ष किया। इस मौके बस्सी विधानसभा राजस्थान से विधायक मंजू, स्वामी स्वदेश किराड़ रोहतक, अखिल भारतीय धानक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रतनलाल, निर्माण महासचिव हसराज किराड़, गुजरात से रिटायर्ड न्यायाधीश डीएस डाबी, रेवाड़ी से जगदीश पातूहेड़ा, नितेश निनानिया व चिराग निनानिया सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### काल भैरव अष्टमी आज

**रेवाड़ी।** काल भैरव को शिव का पंचम रुद्रअवतार कहा जाता है। इनकी उपस्थिति मात्र से ही भय दूर भाग जाता है। शास्त्रों में कहा गया है कि काल भैरवाष्टमी के दिन इनकी आराधना करने से जीवन संकटमुक्त हो जाता है। अंधकारयुक्त अज्ञान के भय से मुक्त कर के ज्ञान रुपी प्रकाश का मार्ग दिखाने वाले शिव को ही काल भैरव कहा गया है। कहा जाता है कि काल भैरव शिव के क्रोध से ही प्रकट हुए हैं। इनका प्राकट्य पर्व माघशीष कृष्ण पक्ष अष्टमी यानि कि 12 नवंबर बुधवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर के विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में श्रद्धालु काल भैरव की उपासना भी करेंगे। ज्योतिषाचार्य अजय शास्त्री का कहना है कि शिव पुराण में कहा गया है कि भैरव ही पूर्ण रुप से जगत का कल्याण करने वाले शंकर हैं, लेकिन शिव माया के कारण लोग इस तत्व को नहीं जान पाते। चंद्रचूड़ भैरव इन 8 भैरवों की आराधना का विधान बताया गया है। उनका कहना है कि कल्प भेद के अनुसार इन सबके प्राकट्य की अलग-अलग कथाएं हैं।

# सेमिनार में छात्राओं को गुरु तेग बहादुर के जीवन प्रसंगों से सीख लेने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। सेमिनार में मुख्य वक्ता को पौधा भेंट करते हुए प्राचार्या।

सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में सब्जेक्ट सोसायटी ऑफ सोशल साइंसेज के तत्वावधान में एक दिवसीय कॉलेज स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को गुरु तेग बहादुर के जीवन प्रसंगों से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डा. कर्मवीर एसोसिएट प्रोफेसर इतिहास एसके राजकीय महाविद्यालय कंवाली ने शिरकत की। उन्होंने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला तथा उनकी शहादत की प्रासंगिकता को वर्तमान परिदृश्य के साथ समायोजित किया। इस मौके पर छात्रा तमन्ना, महक, चांदनी और नीलाक्षी ने भी गुरु तेग बहादुर की जीवनी और उनके बलिदान की प्रासंगिकता को रेखांकित किया। सेमिनार में शिक्षकों व छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर के जीवन से प्रेरणा लेते हुए नैतिक मूल्यों के संरक्षण संबंधी शपथ भी ली। कार्यक्रम में मंच संचालन पवन तंवर ने किया। इस अवसर पर डा. हरीश, डा. सुनील कुमार, नरेंद्र सिंह, जोगेन्दर सिंह,डा. स्वाति, राजकुमार, दीपक कुमार, संदीप सिंह, डा. दीपक, डा. प्रियंका, ज्योति व क्षिप्रा सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## स्टेट लागोरी चैंपियनशिप गर्ल्स में रेवाड़ी व ब्वायज में चरखी दादरी बना विजेता



रेवाड़ी। चैंपियनशिप के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**रेवाड़ी।** अपेक्स पब्लिक स्कूल पाल्हावास में सातवीं सीनियर हरियाणा स्टेट लागोरी चैंपियनशिप का समापन किया गया। दो दिवसीय लागोरी चैंपियनशिप का शुभारंभ विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने किया तथा हरियाणा लागोरी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जयवीर डूडी जी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में लागोरी एसोसिएशन हरियाणा ज्वाइंट सेक्रेटरी रवींद्र कुमार, अपेक्स स्कूल के एमडी शुभराम यादव, प्रिंसिपल कुशलपाल सिंह यादव, कोच मनोज यादव, कोच ललित दीपक, सागर, अरविंद, सुनील, धर्मबीर, मोहित, कपिल सिंह लार्ड कृष्णा स्कूल निमोठ व आरती भी मौजूद थे। चैंपियनशिप में 14 से 15 जिलों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें लड़कों के वर्ग में चरखी दादरी ने प्रथम, महेन्द्रगढ़ ने द्वितीय, रेवाड़ी व पानीपत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि लड़कियों के वर्ग में रेवाड़ी ने प्रथम, चरखी दादरी द्वितीय, गुरुग्राम व पलवल तीसरे स्थान पर रहे। लागोरी एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी जयवीर डूडी ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल समय-समय पर होने चाहिए।

## खंड स्तरीय प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल बना विजेता



रेवाड़ी। प्रतिभागियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. विनोद कुमार व सरपंच आशीष प्रजापति। फोटो : हरिभूमि

**कोसली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरूगढ में कुशल बिसनेस चैलेंज विषय पर खंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 11 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बताया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ किस प्रकार एक कुशल उधमी बनकर स्वयं का रोजगार विकसित कर सकते हैं तथा दूसरों को किस प्रकार रोजगार के अवसर उपलब्ध करा सकते है। निर्णायक मंडल में सुनीता श्याम कुमार, मनीष, सरिता व पूजा शामिल रही। प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल ने प्रथम व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोसली ने द्वितीय तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेहरूगढ़ ने तृतीय, राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनथल ने चतुर्थ तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहड़ ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। गांव के सरपंच आशीष प्रजापति ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. विनोद कुमार, प्रताप सिंह पंच, सुभाष पंच, एसएमसी प्रधान राजेंद्र व राधेश्याम सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कोसली क्षेत्र में 43 करोड़ की चिकित्सा सुविधाएं मंजूर, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह का जताया आभार

■ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण को मंजूरी प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली



रेवाड़ी। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हुए कोसली के विधायक अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

कोसली के विधायक अनिल यादव ने मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव से मुलाकात कर कोसली हलके को करोड़ों रुपये की मेडिकल सुविधाएं देने के लिए आभार व्यक्त किया है। विधायक अनिल यादव ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री ने गांव लीलोढ़, रतनथल, गुड़ियानी और जाटूसाना में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण को मंजूरी प्रदान कर दी है। लीलोढ़ की पीएचसी के निर्माण पर चार करोड़ 57 लाख 87 हजार रुपये व इतनी ही राशि जाटूसाना पीएचसी पर खर्च होगी। रतनथल पीएचसी पर चार करोड़ 57 लाख 22 हजार रुपये व गुड़यिानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन पर चार करोड़ 70 लाख 28 हजार रुपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया कि गुरावड़ा में सीएचसी के निर्माण पर 24 करोड़ 69 लाख 69 हजार की राशि खर्च होगी। इस प्रकार कोसली विधानसभा क्षेत्र के लिए मंत्री आरती सिंह राव ने कुल 43 करोड़ 12 लाख 93 हजार की राशि को स्वीकृति प्रदान कर दी है, जिन पर शीघ्र ही टेंडर जारी होकर काम शुरू हो जाएगा। इन चिकित्सा केंद्रों की नई बिल्डिंग बनने और आधुनिक मेडिकल सुविधाएं मिलने से कोसली हलके के हजारों ग्रामवासियों को उत्तम चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

## पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




रेवाड़ी। शिक्षकों के साथ अपने पोस्टर दिखाती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के रसायन विभाग एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद मीरपुर के सहयोग से कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीएचसी मीरपुर और आयुष्मान आरोग्य मंदिर, तुर्कियावास की ओर से डा. रुबिना मलिक ने विद्यार्थियों को कैंसर के दुष्प्रभावों और इससे रोकथाम के बारे में अवगत कराया। विद्यार्थियों ने अपने पोस्टर से कैंसर के कारण, प्रकार एवं रोकथाम के बारे में संदेश दिया। पोस्टर प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम, नेहल द्वितीय और कीर्ति तृतीय स्थान पर रही। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर करण सिंह ने सभी को कार्यक्रम की बधाई दी। कार्यक्रम में प्राध्यापक डा. रश्मि पुंडीर, कर्मवती यादव, निशा यादव, लक्ष्मी देवी, मीनाक्षी, गीतांजलि, डा. ललित कुमार, कनिका, पूनम यादव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से कृष्ण कुमार एमपीएचडब्ल्यू एवं मधु एएनएम उपस्थित थे।

**चयन** चयनित किसानों को कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा

# फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम में कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 44 किसानों का चयन

डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी की ओर से लघु सचिवालय में निकाला गया दूसरा ड्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




रेवाड़ी। कृषि यंत्रों के लिए ड्रा निकालते हुए जिला स्तरीय कमेटी। फोटो : हरिभूमि

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के घटक फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आमंत्रित किए गए आवेदनों का ड्रा के माध्यम से चयन किया गया।

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता व किसानों की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यकारिणी कमेटी की ओर से मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में ऑनलाइन ड्रा निकाला गया। स्कीम के तहत 234 ऑनलाइन आवेदन करने वाले किसानों में से 85 किसानों का पहले ड्रा के माध्यम से चयन कर लिया गया था। मंगलवार को बचे हुए शेष 149 किसानों का दूसरा ड्रा निकाला गया, जिसमें 44 किसानों का चयन किया गया। किसानों का ट्रैक्टर माउन्टिड लोडर बिना ट्रैक्टर, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाईन्डर, ट्रैक्टर चलित टेडर मशीन, ट्रेलड टाइप चोपर-शेंडर, माउन्टिड टाईप स्ट्रा चोपर-मल्चर, सुपर सीडर, स्मार्ट सीडर, हैप्पी सीडर, हाईड्रोलिक रिवर्सिबल एम बी प्लॉव, सुपर एसएमएस, ट्रैक्टर माउन्टिड क्रॉप रीपर, सेल्फ प्रोपेल्ड क्रॉप रीपर, सरफेश सीडर, स्पेशल जीरो टील ड्रिल, जीरो टील सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल व शर्ब मास्टर-रोटरी शलेशर कृषि यंत्रों के लिए चयन किया गया। चयनित किसानों को इन कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

### सब्सिडी की राशि दो किस्तों में डाली जाएगी

कृषि विभाग के उप-कृषि निदेशक जितेन्द्र अहलावत व सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा ने बताया कि चयनित किसानों को चयनित किसान को विभागीय पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर उपलब्ध अपने मनपसंद निर्माता-डीलर से मोल भाव करके 30 नवंबर तक अपने खाते से ऑनलाइन पेमेंट करते हुए कृषि यंत्र खरीदना है व कृषि यंत्र का बिल, ई-वे बिल व मशीन के साथ फोटो जीपीएस सहित 10 दिसंबर तक पोर्टल पर अपलोड कराना है। उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद सब्सिडी की राशि किसानों को दो किस्तों में डाल दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन किसानों का पहले ड्रा में चयन हुआ था, यदि वे किसान पहले यंत्र नहीं खरीद पाए थे, वे भी अब ऑनलाइन माध्यम से निर्धारित तिथि तक कृषि यंत्र खरीद सकते है। इस मौके पर कृषि विकास अधिकारी सुनील कुमार, कनिष्ठ अभियंता जोगेंद्र पाल, कृषि विज्ञान केंद्र रामपुरा से विश्वजीत सिंह, बागवानी विकास अधिकारी प्रवीण गोयल, नाबार्ड एजीएम जगदीश परिहार, एटीओ नरेश चौधरी व प्रगतिशील किसान आनंद कुमार सहित अनेक किसान मौजूद थे।

## अस्पताल में तेजी से हो रहा सुधार का कार्य



रेवाड़ी। कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव व उपचेयरमैन दिनेश गोयल लोगों को जानकारी देते हुए। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कोसली मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव व उपचेयरमैन दिनेश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का अभूतपूर्व विस्तार हो रहा है। प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप कोसली सब-डिवीजनल अस्पताल में सुधार का कार्य तेजी से जारी है। अस्पताल में महिलाओं के लिए सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा प्रारंभ हो चुकी है। हाल ही में महिला चिकित्सक की नियुक्ति की गई है, जिससे अब प्रसूता माताओं को बेहतर और त्वरित उपचार अपने ही क्षेत्र में मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम स्वास्थ्य मंत्री की महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशील सोच और धरातलीय दृष्टिकोण का परिणाम है। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए एफआरयू की शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्रों में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो रही है। कोरियावास मेडिकल कॉलेज का संचालन और बाबा खेतनाथ आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में 100 सीटों की स्वीकृति जैसे निर्णय इस बात का प्रमाण हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। आने वाले समय में इलाका स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में पूरे प्रदेश के लिए उदाहरण बनेगा।